फर्द अहकाम
कार्यालय जिला कलक्टर राजसमन्द, जिला राजसमन्द

श्री भोजसिंह पिता श्री नैनसिंह निवासी बाघाना, तहसील भीम जिला राजसमन्द

– अपीलांट

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम

– रेस्पोण्डेंट

किस्म मुकदमा– अपील सूचना का अधिकार,2005 **पत्रावली संख्या 36/2019**

क्रमांक	कार्यवाहिक विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 26.11.2019 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अन्तर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय में भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम द्वारा जरिये क्रमांकः RTI/2019/1827 दिनांक 19.11.2019 से प्राप्त रिपोर्टानुसार पटवार सर्कल बाघाना के वर्तमान खसरा नं0 926,927,628,1246,1248,1258,645,572,570,576, 574,580,595,646,571,577,575,573,581,612 पर सन 1942 (1350 फसली) के बाद इन खसरा पर कितनी बार नामांतरण खोला गया हैं। उक्त खसरों में कितनी बार नामान्तरण खोला गया कि आपके द्वारा वांछित सम्पूर्ण सूचना हेतु तहसील कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर अवलोकनोपरान्त सूचना प्राप्त करें। इस बाबत अपीलार्थी को जरिये डाक से सूचित किया जा रहा है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम की रिपोर्ट का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम की रिपोर्टानुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गयी वांछित सूचना तहसील कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया। अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि आप तहसील कार्यालय में कार्यालय के समय में उपस्थित होकर अवलोकनोपरान्त वांछित सूचना प्राप्त करें। अतः उक्त अपील इसी स्टेज पर निर्णित की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी एवं लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार भीम को भिजवायी जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नं0 से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो। **लोक सूचना अपीलीय अधिकारी** **(जिला कलक्टर)राजसमन्द**	